उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन

राजकीय आई0टी0आई0 परिसर अलीगंज, लखनऊ

संख्याः 2882/उ0प्र0कौ0वि0मि0/टी0पी0पी0/2021–22/लखनऊ

दिनांक : 05 जनवरी, 2022

सेवा में,

प्रधानाचार्य,
उ0प्र0 परिवहन निगम प्रशिक्षण संस्थान,
एलेन फारेस्ट कानपुर नगर, उत्तर प्रदेश।

विषयः—आवासीय प्रशिक्षण सत्र के संचालन के सम्बन्ध में।

महोदय,

कृपया उक्त विषयक अपने पत्र संख्याः 1270/प्र0सं0/कौ0वि0मि0/2021 दिनांक 16.12.2021 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जो मुख्य विकास अधिकारी, कानपुर नगर को सम्बोधित एवं अधोहस्ताक्षरी को पृष्ठांकित है।

आपके उक्त पत्र के क्रम में जिला विकास अधिकारी, कानपुर द्वारा अपने पत्र संख्याः 2205/कौ0वि0मि0/निरीक्षण आख्या/2021 दिनांक 03.01.2022 के माध्यम से प्रेषित की गयी संस्तुति के आधार पर आपके उक्त प्रशिक्षण केन्द्र पर महिला वाणिज्यिक वाहन चालकों के प्रशिक्षण हेतु 27 अभ्यर्थियों के एक आवासीय प्रशिक्षण सत्र के संचालन की एतद् द्वारा अनुमति प्रदान की जाती है।

भवदीय

(आन्द्रा वामसी)
मिशन निदेशक

संख्याः /उ0प्र0कौ0वि0मि0/टी0पी0पी0/2021–22/लखनऊ, तद्दिनांकित।

प्रतिलिपिः— निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. जिलाधिकारी, कानपुर नगर, उत्तर प्रदेश।
2. मुख्य विकास अधिकारी, कानपुर नगर, उत्तर प्रदेश।
3. जिला समन्वयक, जिला कार्यक्रम प्रबंधन इकाई, उत्तर प्रदेश।
4. वित्त नियंत्रक, उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन।
5. सहायक प्रबंधक, आई.टी. को पोर्टल पर अपलोड करने हेतु।

(आन्द्रा वामसी)
मिशन निदेशक